हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

04 केबिनेट मंत्री पटेल ने आवन पहुंच लोधा लोधी समाज ...



07 3 सदस्यीय केंद्रीय दल को जिला अस्पताल में मिली कई कमियां





## समाचार संक्षेप

### परशुराम जयंती मनाने सनातन सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**गुना।** सनातन सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित की जाने वाली शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक बैठक सोमवार को आयोजित की गई है। सनातन सर्व ब्राह्मण समाज जिला अध्यक्ष पंडित रजनीश शर्मा ने बताया कि हम सब के आराध्य भगवान परशुराम के प्रकोटत्सव आगामी 10 मई अक्षय तृतीया को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए स्थानीय त्रिमूर्ति भवन बाईपास बजरंगगढ़ रोड भुल्लन पूरा पर मंगलवार को शाम 6 बजे एक बैठक आयोजित की गई , बैठक में भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार निकलने वाली शोभा यात्रा को सफल बनाने की दिशा में उपस्थित विप्र बंधूओ से विचार विमर्श किया जाएगा। तत्पश्चात पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पंडित शर्मा ने सभी विप्र बंधुओ से अपने अमूल्य सुझाव हेतु बैठक में आवश्यक रूप से अपने सजातीय मित्रो के साथ उपस्थित रहने की अपील की है।समाज के नर्वदाशंकर भार्गव,आनंद भार्गव, अनिल भार्गव,राकेश शर्मा,आनंद व्यास, अमित शर्मा, वीरेंद्र भार्गव,घनश्याम भार्गव, डॉक्टर सुरेंद्र भार्गव , सुनील शर्मा, चेतन शर्मा,रामकुमार चौबे,प्रमोद भार्गव,विजय बिरथरे, आर डी शर्मा, मंटू शर्मा,सुश्री नीता तिवारी आदि ने भी बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### साले की शादी में पहुंचे जीजा को भारी पड़ा दूसरे की शादी में नाचना, जमकर हुई पिटाई

**गुना।** जिले के बमोरी थानांतर्गत ग्राम अमरोद में दूसरे की शादी में नाचना एक दामाद को भारी पड़ा। नाचने से नाराज लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। वहीं मामले में दूसरे पक्ष ने भी शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल फरियादिया इमरतबाई पत्नी बनवारी सहरिया (51) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके लडके पप्पू की शादी गत दिवस थी। इस दौरान गांव में कन्हैया सहरिया के लडके देवेन्द्र की भी शादी थी। दोनों की शादी में मेहमान आये हुए थे। उनका दामाद राजकुमार सहरिया निवासी शंकरपुरा का कन्हैया के शादी समारोह में डीजे बज रहा था, उसमें नाचने लगा। इसी बात पर राकेश सहरिया एवं उसका ससुर बनवारी ने राजकुमार के साथ गाली गलौंच कर डंडे से मारपीट कर दी। जिसमें उसे आंख के ऊपर चोट होकर खून निकल आया। इस दौरान पीड़िता ने अपने दामाद का बीच बचाव किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की।

### बच्चों की शादी पर उठाए सवाल तो गांव की चौपाल पर चले लाठी-डंडे

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम आमासेर में गांव के चौक पर बैठे ग्रामीणों के बीच बच्चों की शादी करने को लेकर पहले मुंहवाद फिर जमकर हाथापाई हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामबाबू पुत्र धीरपसिह भील ने थाने में शिकातय दर्ज कराई कि गत रात्रि वह तथा गांव केपहलवानसिह भील, कमलेश भील व उसका पिता रामसिह भील गांव के चौक में बैठकर बातचीत कर रहे थे। तभी उसने एवं पहलवान सरंपच ने कमलेश से बोला कि तू अपने बच्चों की शादी क्यों नहीं कर रहा है, बच्चे बड़े-बड़े हो गये हैं। इसी बात पर से कमलेश व उसका पिता रामसिह ने उसे गाली गलौंच कर बोला कि तू हमारे परिवार के बीच में बोलने वाला कोन होता है। इस दौरान आरोपियों ने उसकी डंडे से जमकर पिटाई कर दी।

### जयस्तम्भ चौराहे पर मतदान की शपथ दिलाई, मतदान के प्रति किया जागरुक

**गुना।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जयस्तम्भ चौराहा गुना में उपस्थितजनों को आगामी 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के संबंध में जागरूक किया साथ ही नोडल अधिकारी एसपी नाना द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। लोगों ने मतदान करने की शपथ ली। इस दौरान सभी से कहा गया कि आगामी 7 मई 2024 को अपने सभी काम बाद में करें, पहले मतदान करें, आपके परिवार, पड़ोस व मोहल्ले का कोई भी मतदाता बगैर मतदान के न रहे। स्वीप टीम के गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, अवधेश अवस्थी, आशीष दुबे,संजय सोनी, अजय श्रीवास्तव, मो. राशिद फारूकी की उपस्थिति में-सात मई को एक ही काम, हम करेंगे सब मतदान, उम्र 18 की है पूरी, वोट देना है जरूरी व सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो नारे लगाये गये।

## नपाध्यक्ष ने कहा शहर हुआ धूल मुक्त, दो माह में बनी 18 किमी की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के निर्देशन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डामरीकरण का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में सदर बाजार, सराफा बाजार, निचला बाजार की सड़कों पर डामरीकरण कार्य प्रारंभ कराया गया, जिसका निरीक्षण करने नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता रात्रि 11:00 बजे पहुंचे । उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश के साथ सड़क की मोटाई ( थिकनेस ) का भी निरीक्षण किया जांच की साथ ही उक्त सड़क को दो दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे बाजार क्षेत्र के दुकानदारों एवं प्रतिदिन आने वाले नागरिकों को परेशानी न हो। निरीक्षण के समय अरविंद गुप्ता के साथ आलोक विजयवर्गीय, वार्ड पार्षद संध्या अशोक सोनी, शिवपाल परमार, सतीश रावत, शाकिर राइन, अशोक सोनी, ठेकेदार हरि सिंह जाट सहित बाजार के अनेक लोग उपस्थित रहे। विगत दो माह से नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के मार्गदर्शन व निर्देशन में शहर धूलमुक्त होता जा रहा है और रहवासियों की सुविधा के लिए तथा शहर की पहचान श्री हनुमान टेकरी मेले को दृष्टिगत रखते हुए ओवर ब्रिज से मारुति शोरूम तक, सत्यम होटल से भार्गव



कॉलोनी से नजूल कॉलोनी तक , नयापुरा में कमला भवन से बैजू चौराहे तक, लाहोटी मार्ग मानस भवन से सोगानी जी वाली सड़क गुरुद्वारा तक, गुरुद्वारे से जिला चिकित्सालय तक, शास्त्री पार्क से बैजू चौराहे तक, बैजू चौराहे से बोहरा मस्जिद होते हुए ख्यावदा चौराहे से बूढ़े बालाजी मंदिर तक, आशीर्वाद हॉस्पिटल वाली सड़क, हनुमंता मंदिर, चौधरी मोहल्ला तक, पठार मोहल्ले वाली सड़क, लक्ष्मीगंज बाजार की सड़क, रेलवे स्टेशन चौड़ीकरण, हाट रोड से शांति पब्लिक स्कूल तक डामरीकरण, कर्नलगंज से मुख्य डाकघर वाली सड़क गायत्री मंदिर चौराहे तक, कैलाश वासी माधवराव सिंधिया मार्ग, ए बी रोड से सिसोदिया कॉलोनी होते हुए कोल्हूपुरा तक की सड़क, एबी रोड से न्यू सिटी कॉलोनी रोड, ए वी रोड से एस एल मेमोरियल स्कूल वाली सड़क ,केंट थाने से पुलिस लाइन तक कि सड़क, एवी रोड से भगत सिंह कॉलोनी मुख्य मार्ग में डामरीकरण के कार्य एवं बजरंग रोड से श्री रामकृष्ण पुरम मुख्य मार्ग पर सीसी रोड सड़कों के कार्य नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर विगत 2 माह में लगभग 18 किलोमीटर लंबाई के करोड़ों रुपये के कार्य संपन्न हो चुके है शीघ्र ही कही सड़कों के जैसे नई सड़क रोड, हाट रोड रस्ते रपटे से कोल्हूपुरा होते हुए नई मंडी तक की सड़क, हाट रोड रपटे से शीतला माता मंदिर तक की सड़क, कैंची कारखाने से बांसखेड़ी अंडर ब्रिज तक की सड़क, अशोक नगर रोड घोसीपुरा वाली सड़क, कैंट सदर बाजार वाली सड़क,केंट क्षेत्र में काला पाता वाली सीसी.रोड का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। (उक्त सड़कों के बनने से शहर वासियों को सुविधा हेतु किये गये कार्यो की सराहना विगत दिनों हनुमान टेकरी ट्रस्ट द्वारा की गई थी।

### हत्या को अंजाम देकर लाश को छिपा दिया कंडो के ढेर में

# सिरफिरे आशिक ने दुष्कर्म करके प्रेमिका को उतारा मौत के घाट

**युवती के प्रेमी द्वारा ही बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

युवती के प्रेमी द्वारा ही बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या कर देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। वारदात धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम सुहाया में होना बताया गया है। सिरफिरे आशिक ने युवती की हत्या को अंजाम दिया और लाश को कंडों के ढेर में छिपा दिया। युवती की मां द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने पर हरकत में आई पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की तो पूरी घटना का पर्दाफाश हो गया। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसे रिमांड पर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुहाया से एक 18 वर्षीय लड़की अपने घर से 22 अप्रैल को उस समय गायब हो गई थी जब घर पर कोई मौजूद




नहीं था। मामले में दो दिन बाद 24 अप्रैल को युवती की मां ने रुठियाई पुलिस चौकी में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मां से भी पूछताछ की जिसमें मां ने गांव के ही एक लड़के पर संदेह जताया। इसी संदेह के आधार पर 28 अप्रैल को पुलिस सुहाया निवासी रिंकू लोधा को पकड़कर पूछताछ के लिए पुलिस चौकी ले आए जहां आरोपी ने अपना गुनाह कबूलते हुए अपनी सारी करतूत पुलिस के सामने बयां कर दी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह युवती से प्रेम करता था उसने गांव के पास एक खंडहर में मिलने बुलाया खंडहर के एक कमरे में कंडे भरे हुए हैं। उसी कमरे में वह युवती को ले गया और उसके साथ गलत काम किया।

इसी दौरान दोनों में बहस हुई। इसके बाद आरोपी ने युवती के ही कपड़ों से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उक्त युवती अन्य लड़कों से भी बात करती थी। इसी बात को लेकर उनमें झगड़ा हुआ था। वहीं आरोपी ने हत्या के बाद कंडो के ढेर में लाश को छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद मौके से बीती शाम लाश को बरामद किया। वहीं आज सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा युवती की हत्या और बलात्कार के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उस पर धारा मामला पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

### दीवार फांदकर घर में घुसे चोर

**गुना।** जिले के कुंभराज थानांतर्गत ग्राम आमखेड़ा में अज्ञात चोर रात्रि में घर की दीवार फांदकर घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवरात एवं नकदी चोरी कर ले गए। घटना के समय बुजुर्ग को छोड़कर सभी परिवारजन शादी में गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विष्णु प्रसाद पिता बाबूलाल शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस उनके दोनों लड़के जीतेन्द्र, राकेश तथा उनकी पत्नी गायत्री देवी, बड़ी बहू मीना व जीतेन्द्र के दोनों लडके शिवम व आकाश शादी में ग्राम बपावर कला थाना बपावर जिला कोटा राजस्थान मे गये थे।

## मारपीट के आरोपियों को दी न्यायालय ने 1 वर्ष की कठोर सजा व 32000 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मीडिया प्रभारी ममता दीक्षित एडीपीओ गुना द्वारा बताया गया कि फरियादी गोलू गुर्जर ने साडा अस्पताल पर उपस्थित होकर रिपोर्ट की कि दिनांक 24 जनवरी 2019 की रात्रि 9:30 बजे वह तथा दशरथ पिता रघुवीर अपने खेत में पानी फेर कर मोटरसाइकिल से वापस घर राजपुरा आ रहे थे जैसे ही वे राजपुरा की पुलिया पर पहुंचे तो वहां मोटरसाइकिल की लाइट में उनने देखा कि वहां विजय व उसके साथ फिरकू,बंटी, सीरिया, बबलू, अर्जुन, सुमन गुर्जर के साथ एक मत होकर उन्हें रोका विजय एवं फिरकू के पास फर्सी थी, बाकियों के पास लाठियां थी विजय ने दशरथ को मोटरसाइकिल से उतार दिया और गंदी गालियां दी उसे 3 साल पहले मारा था उसे बताता है कहकर विजय फिरकू ने फर्सी से दशरथ को सिर में मारी जिससे दशरथ को चोट होकर खून निकल आया, उसने हाथ से रखने की कोशिश की तो फिरकू की फर्सी उसके बाएं हाथ खब्बे में लगी कट होकर खून निकल आया। भारत, बंटी,अर्जुन,बबलू, सुमन, सीरिया ने लाठ की दशरथ के सिर दाहिने भौंह,होंठ में मारी, चोट होकर खून निकल आया तथा दोनों पैरों तथा दोनों हाथों सिर के पीछे तरफ मूंदी चोटे आई,उसने बीच बचाव किया तो उसे भी लाठियां से मारा जिससे उसे दाहिने तरफ सिर में चोट होकर खून निकल आया तथा बाएं तरफ की कोहनी के नीचे मूंदी चोटे आई। उनकी चिल्ला चोट सुनकर गांव वाले तथा विजय सिंह,कल्याण सिंह, शिवराज सिंह आ गए तो यह लोग जाते-जाते बोले इस बार तो बच गए आइंदा जान से खत्म कर देंगे। फरियादी की उक्त सूचना पर रिपोर्ट लेखबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में पैरवी करते हुए मयंक भारद्वाज एडीपीओ राधौगढ़ द्वारा विधिक तर्क रखे गए जिससे सहमत होकर न्यायालय ने आरोपीगण को धारा 324, 325, 147, 148,149 भादवी में एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 32000/- रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

## कलेक्टर ने परिवहन व्यवस्था संबंधी तैयारियों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह ने आज संजय गांधी स्टेडियम पहुंचकर मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिए परिवहन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कुमार सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर गुना रवि मालवीय, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बमोरी शिवानी पाण्डे, तहसीलदार नगरीय जी.एस. बैरवा सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञात है कि, दिनांक 06 मई 2024 को शासकीय पीजी कॉलेज गुना से सामग्री वितरण पश्चात 04-गुना संसदीय क्षेत्र की विधानसभा 28-बमोरी एवं 29-गुना के लिए मतदान दल मतदान केन्द्रों पर रवाना होंगे एवं 7 मई 2024 को मतदान पश्चात चारों विधानसभाओं के मतदान दल सामग्री वापसी के लिए शासकीय पीजी कॉलेज गुना पहुंचेंगे।

कलेक्टर ने मतदान दलों की परिवहन व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। विधानसभा बमोरी के लिए वाहन संयज गांधी स्टेडियम से रवाना होंगे। विधानसभा गुना के लिए वाहन इंडोर स्टेडियम के सामने उद्यानिकी विभाग के ग्राउंड से रवाना होंगे। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त स्थलों पर विद्युत, पेयजल, छाया आदि की व्यवस्था की जाये। परिसर में साफ-सफाई कराई जाये। उक्त स्थलों पर मेडिकल, फूड, पीओएल के काउंटर लगाये जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक दूरी वाले मतदान केन्द्रों के वाहन पहले रवाना किये जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि यातायात व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित की जाये कि शहर में कहीं भी जाम की स्थिति न बने।

उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण स्थल पीजी कॉलेज गुना के सामने रोड पर सामग्री वितरण दिनांक 6 मई 2024 कोई भी वाहन खड़ा नही करें। सभी वाहन नियत पार्किंग स्थल पर खडे. किये जाएं। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## जिले के 1099 मतदान केन्द्रों पर चलेगा 'चलें बूथ की ओर' अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत तृतीय चरण का मतदान दिनांक 07 मई को होने जा रहा है। गुना जिले में मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए 'चलें बूथ की ओर' अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 01 मई 2024 एवं 02 मई को चलाया जावेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा 'चलें बूथ की ओर' अभियान अंतर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्र पर विभिन्न कार्य सम्पादित किये जाने के आदेश जारी किये गये हैं। बी.एल.ओ. द्वारा मतदाता सूची का वाचन एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा, सेक्टर अधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची का सत्यापन किया जाएगा, ऐसे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता जो मतदान केन्द्र पर मतदान करेंगे, उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने हेतु मेन-टू-मेन मार्किंग करना आदि कार्य किये जायेंगे। मतदाता जागरुकता हेतु मतदान केन्द्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जावेगी जिनमें स्थानीय खेल प्रतियोगिता, महिला रैली, स्व-सहायता समूह द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, माईकिल/ मोटर साइकिल रैली, मानव श्रृंखला, स्थानीय नागरिकों को शपथ/ संकल्प पत्र का वाचन, प्रभातफेरी, व्यंजन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार मतदान केन्द्रों पर प्रचार-प्रसार की गतिविधियां भी आयोजित जावेगी, जिनमें मतदान केन्द्र एवं नजदीकी बसाहटों में फ्लेक्स/ बैनर आदि लगाना, दीवार लेखन, बीएजी के सदस्यों की बैठक सेक्टर अधिकारियों द्वारा ली जावेगी, कैम्पस अम्बेसडर द्वारा जागरुकता, चुनाव पाठशाला का आयोजन, महाविद्यालयों/ विद्यालयों के केम्पम अम्बेसडर एवं इलेक्टोरल लिटरेसी क्लव के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करना, घर-घर पीले चावल देकर आमंत्रित किया जाएगा।

### साप्ताहिक समय सीमा बैठक में की गई लोकसभा निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता गतिविधियां बढ़ाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा (साप्ताहिक समीक्षा) बैठक आयोजित कर लोकसभा निर्वाचन कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रथम कौशिक, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिया फातिमा, संयुक्त कलेक्टर महेश कुमार बमन्हा, संयुक्त कलेक्टर संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर अमित सोनी, डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे। संसदीय क्षेत्र 04-गुना एवं 20-राजगढ़ में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान 07 मई 2024 को होना है। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियां को बढ़ाने के निर्देश कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि 01-02 मई 2024 को आयोजित किये जाने वाले ''चले बूथ की ओर'' अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची का वितरण किया जाये। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता जो मतदान केन्द्र पर मतदान करेंगे उनकी मेन-टू-मेन मार्किंग की जावे, मतदान केन्द्रों पर बेहतर मूलभूत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि 30 अप्रैल 2024 को एकलव्य हॉस्टल



गुना ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता के लिए ''एक शाम, लोकतंत्र के नाम'' कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी अधिकारी/कर्मचारी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह ने डाक मतपत्र, ईडीसी, होम वोटिंग, ईव्हीएम कमीशनिंग कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को डाक मतपत्र/ ईडीसी के माध्यम से मतदान कराया जावे। बैठक के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मतदान दलों के लिए मेडिकल व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि मतदान दलों के रूट पर एंबुलेंस की तैनाती की जाए।

मतदान दलों को मेडिकल किट तैयार कर सामग्री वितरण के समय वितरित की जाये। सामग्री वितरण स्थल पीजी कॉलेज गुना एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ पर मेडिकल टीम उपस्थित रहे। परिवहन व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान दलों के लिए लगाये गये वाहनों में एक दिन पूर्व ही डीजल भरवाकर रखें। वाहनों की संख्या का आंकलन मतदान दलों, सुरक्षा कर्मियों, विशेष पुलिस अधिकारियों, माईक्रो ऑब्जर्वर की संख्या को ध्यान में रखकर किया जाये। उन्होंने कहा कि आदर्श मतदान केन्द्रों पर विशेष आकर्षक साज-सज्जा की जाये साथ ही गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल, छाया की व्यवस्था की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विभागों के भवनों में मतदान केन्द्र बनाये गये हैं वह विभाग उन मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाएं।

बैठक में निर्वाचन कार्यों जैसे स्ट्रॉन्ग रूम व्यवस्था, मतदान सामग्री वितरण/ वापसी स्थल पर व्यवस्थाएं, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान दलों का प्रशिक्षण, कानून व्यवस्था आदि विषयों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## आवन में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया

# केबिनेट मंत्री पटेल ने आवन पहुंच लोधा लोधी समाज के वर वधू को दिया आशीष



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल देर सांयकाल को आवन पहुंचे जहां पर उन्होंने लोधा लोधी समाज के वर वधू को दिया आशीर्वाद। मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया की रविवार को राज्य शासन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भोपाल से बाय प्लेन गुना पहुंचे और केबिनेट मंत्री गुना एयरपोर्ट से वाय कार आवन में आयोजित लोधा लोधी समाज के विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया और उनके वैवाहिक सफल जीवन की कामना की।

इससे पूर्व उन्होंने आवन में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सम्मेलन समिति के संयोजक नंद कुमार लोधा को इस सराहनीय पहल की प्रशंसा कर उन्हे बधाई दी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, लोकसभा प्रभारी विकास विरानी, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्यकारणी सदस्य गोविंद दास राठी, मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, भाजपा नेता देवेंद्र रघुवंशी एवं लोधा समाज के जिलाध्यक्ष केदार सिंह लोधा, लल्लू सिंह लोधा, बहादुर लोधा, हंसराज लोधा, जगदीश लोधा सहित बड़ी संख्या में लोधा समाज जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केविनेट मंत्री पटेल ने कहा कि आज में बहुत प्रसन्न हु की मुझे आवन में आयोजित विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा की जिला गुना में 16 वर्ष से चलने वाले सामूहिक विवाह में कुरुतियों के विरुद्ध समाज की एक नई चेतना का सामूहिक प्रयास अभिनंदनीय है। समिति के सदस्यों को मैं शुभकामनाएं देता हूं। नव दाम्पत्य जीवन शुरू करने वाले यशस्वी हों और सनातन की परम्परा के वाहक बनें।

## चुनाव समाचार

### राघौगढ़ के वार्ड क्रमांक 6 किले के पास व वार्ड 7 में नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया




**राघौगढ़** । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधि अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेंद्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुराग जैन राघोगढ़ के मार्गदर्शन मे नगर पालिका राघौगढ़ के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियां जारी है। इसी क्रम मे राघोगढ़ के वार्ड क्रमांक 6 किले के पास एवं वार्ड 7 में नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया एवं शपथ दिलाई गई । इस दौरान आरिफ ख़ान नगर पालिका गायत्री ओझा सेफाली कश्यप आरती एवं वॉर्ड की महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### सेल्पी पॉइन्ट बना कर किया मतदाताओं को जागरूक





आरोन-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेंद्र सिंह के निर्देशन में निकाय आरोन द्वारा स्वीप गतिविधि का सोमवार को आयोजन किया गया। जिसके क्रम में नगर आरोन क्षेत्र अंतर्गत पुरानी नगर पालिका मतदान केंद्र क्रमांक 197 198 199 एवं 203 पर मतदान अवश्य करें शपथ का आयोजन किया गया। जिसमे डे नुल्म कॉर्डिनेटर विनोद प्रजापति के द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई एवं सेल्फी प्वाइंट द्वारा सेल्फी लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। उक्त स्वीप गतिविधि में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यालय समस्त कर्मचारी, स्कूल समस्त स्टाफ, नगर आरोन के आम नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की गई एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदाता पर्ची का वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

विधानसभा क्षेत्र-31, राधोगड़ के अंतर्गत आने वाले आरोन तहसील के मतदान केन्द्रो मे एसडीएम शिवानी पाठक एवं तहसीलदार सुनील वर्मा के मार्गदर्शन मे आगामी 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदाता पर्ची का वितरण शुरू कर दिया गया है इसी क्रम मे वी एल ओ संघ के अध्यक्ष एवं मतदान केन्द्र क्रमांक-193, आरोन के वी एल ओ दिलवर खान द्वारा भी मतदाता पर्ची का वितरण शुरू कर, शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है दिलवर खान द्वारा बताया गया कि यह कदम चुनावी प्रक्रिया मे मतदाताओ को शामिल करने का प्रयास है और मतदान के लिए उन्हे मतदाता पर्ची प्राप्त करने का सुविधाजनक माध्यम प्रदान किया गया है इसके साथ नागरिको को वोटर गाईड के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया के वारे मे जागरूक किया जा रहा है और उन्हे अपने



मतदान के महत्व को समझाने का प्रयास किया जा रहा रहा है उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## शीतल जल सेवा प्याऊ में शामिल होकर स्कूलों के स्काउट गाइड ने पानी पिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ गुना के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर डॉ सत्येन्द्र सिंह के मार्गदर्शन,जिला संगठन आयुक्त आलोक जैन एवं जिला कमीशनर जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर सिसोदिया के नेतृत्व में वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार ग्रीष्मकालीन जल सेवा प्याऊ का प्रारम्भ गुना रेल्वे स्टेशन पर स्टेशन चल रही है।

डी ओ सी जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट यूथ मोटिवेटर एवं लाइफ कोच ने बताया कि रेल्वे स्टेशन पर वंदना कान्वेंट स्कूल एवं नील वर्ल्ड स्कूल,केन्द्रीय विद्यालय गुना के स्काउट गाइड शामिल हुए। स्काउट एवं गाइड की



टोली बनाकर जल सेवा कार्य कराया गया। बच्चे पहली बार जल सेवा करें बहुत खुश हुए।इस अवसर पर वंदना कान्वेंट स्काउट संजय मोघे गाइडर भारती दुवे,मोनल मोघे नील वर्ल्ड स्कूल से सिद्धांत सिंह ,कल्पना शर्मा,केन्द्रीय विद्यालय गुना के ऋषिकेश भार्गव शामिल हुए। जिला संघ की ओर से सुरेन्द्र शर्मा, नीतेश जैन,रवि पलिया, रेंजर राधिका धाकड़,रोवर आलोक चौधरी, विष्णु यादव,केशव अन्नोटिया शिव खंगार उपस्थित रहे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में वाद-विवाद से किया मतदाताओं को जागरूक

**अशोकनगर।** स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता हेतु स्वीप अभियान के तहत आज मतदान प्रक्रिया पर वाद विवाद अंतिम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे प्रतियोगिता का विषय "फ्री बीस" रखा गया था। इस प्रतियोगिता के पक्ष मे मैकेनिकल ब्रांच कि छात्रा कु.मनसा सोनी ने प्रथम और सिविल ब्रांच के छात्र गर्वित गुप्ता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया,एवं विपक्ष मे मैकेनिकल ब्रांच के छात्र आरमान शर्मा ने प्रथम और सिविल ब्रांच के छात्र मानस भार्गव ने दूसरा स्थान



प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता के प्रभारी व्याख्याता भारत सिंह यादव , हेमंत सुमन , नीतिशा चैरसिया थे। इस वाद विवाद प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता,स्वीप गतिविधि के प्रभारी एम.के. नेमा, मोनेश जैन , एम.एल. सोनी, सीताराम चैहान, अंकुर सोनी , प्रशांत रघुवंशी, ज्योति चैहान , आशा सोनी, अंकित साहू ,पुरषोत्तम ठाकुर आदि सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## ट्राला ने बाइक में टक्कर मारी ,दो लोग घायल



**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय नेहरू डिग्री कब्रिस्तान के पास पानी की पाइप लाइन के पाइप उतारकर वापिस चंदेरी की ओर जा रहे। एक ट्राला जो महाकौशल कंपनी भोपाल का बताया जा रहा है के चालक ने बाइक मे टक्कर मार दी जिसमे सुमित पुत्र फूलसिंह राजपूत निवासी रेहटवास थाना पिपरई,राजीव पुत्र भरत राजपूत घायल हो गए। इन घायलो मे राजीव को गंभीर चोट आने के कारण उसे भोपाल रेफर किया गया है। जबकि सुमित का उपचार जिला अस्पताल मे किया जा रहा है। यह दोनो युवक अशोकनगर शादी समारोह मे आए हुए थे। वापिस जाते समय बाइक मे हवा भरवाने के लिए दुकान पर गए हुए थे। तभी यह घटना हो गई।

## लोकअदालत के क्रियान्वयन के लिए बनाई गई तैयारी की रूपरेखा

अशोकनगर।

जिला न्यायाधीश एव सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रश्मि मिश्रा की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर, अशोकनगर में दिनांक 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु बी.एस.एन.एल. के अधिकारी हेमन्त शर्मा के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव के द्वारा उक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी को लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण के निराकरण के प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया। इसी के साथ ही साथ न्यायामूर्ति विवेक अग्रवाल न्यायाधीश, उच्च न्यायालय म.प्र. द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार ई-संजीवनी योजना के तहत विचाराधीन कैदियों को टेली मेडिसन हेतु आईटीआई एव पॉलीटेक्निक कॉलेज के समन्वय से कैदियों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किये जाने हेतु रश्मि मिश्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन ए.डी.आर. सेन्टर जिला न्यायालय अशोकनगर में किया गया।



## सचिव जीआरएस एवं बीएलओ ने मतदाताओं को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान कराए जाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक मतदान कराये जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में सचिव जीआरएस एवं बीएलओ द्वारा जनपद पंचायत



ईसागढ के विभिन्न ग्रामों में घर-घर जाकर मतदाताओं को वोटर पर्ची के साथ- साथ पीले चावल एवं आमंत्रण पत्र देकर मतदाताओं को मतदान के लिये आमंत्रित किया जा रहा है।

### ग्रामीणों ने बचाकर वनकर्मियों को सौंपा

## बस्ती में पहुंचे हिरण को कुत्तों ने किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सोमवार सुबह क्षेत्र के बरीं गांव की बस्ती के एक हिरण अपने झुंड से भटक कर पहुंच गया था। जिसे कुत्तों ने पीछा कर घायल कर दिया। जैसे ही कुछ ग्रामीणों ने हिरण को कुत्तों के बीच घिरा देखा तो उसे बचाने की कोशिश की और वनकर्मियों को फोन पर सूचित कर दिया। कुछ ही देर बाद वन नाके से वन रक्षक अजहर खान मौके पर पहुंचे और



घायल हिरण को एक ऑटो से बहादुरपुर स्थित पशु चिकित्सालय लाया गया। ग्रामीण दिनेश अहिरवार ने बताया कि हिरण के बांए पैर में कुत्तों के काटने से घाव हो गया था। वन रक्षक श्री खान ने बताया कि पशु चिकित्सक द्वारा हिरण का इलाज कर दिया गया है। अब इसे वन विभाग की देखरेख में कुछ दिन तक रखा जाएगा।

## जीप ने टक्कर मारी, जीजा साले घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले के बहादुरपर थाने के अंतर्गत ग्राम ओढेर निवासी दीपक पुत्र शीलचंद अहिरवार उम्र 21 साल और रामकिशोर पुत्र हरदुआ 30 साल निवासी मदउखेडी को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा ओढेर निवासी घायल ने बताया कि मदउखेडी वाले मेरे जीजा है। वह मोटरसायकिल चला रहे थे। मे उनका साला हूॅ। हम दोनो बाइक से ग्राम फुलैदी एक शादी मे जा रहे थे।



उसी समय एक जीप चालक ने हमे टक्कर मार दी। जिससे हम दोनो को चोटें आई हैं।

## आवश्यक सेवाओं, सुविधा केंद्र के अधिकारी कर्मचारी तैनात

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण 30 अप्रैल,01 एवं 02 मई को स्थानीय शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पठार अशोकनगर में आयोजित होने पर डाक मतपत्र हेतु सुविधा केन्द्र एवं पी.व्ही.सी केन्द्र हेतु अधिकारी कर्मचारी तैनात किये गए है। जारी आदेशानुसार 032 अशोकनगर,033 चंदेरी तथा 034 मुंगावली के लिये आवश्यक सेवाओं हेतु डॉ. पी.के सुराना प्राध्यापक शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर, अन्य जिलों के मतदाताओं से संबंधित सुविधा केन्द्र(फेसिलिटेशन सेंटर) हेतु डॉ. अर्चना प्राध्यापक शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर एवं रिजर्व हेतु डॉ. रेणू राजेश प्राध्यापक शासकीय नेहरू महाविद्यालय के लिये नियुक्त किये गये है। प्रथम अधिकारी के रूप में पहलवान सिंह कुशवाह सहायक अध्यापक शा.प्रा.विद्यालय सेमरी अहीर अशोकनगर,दिलीप कुमार अहिरवार सहायक अध्यापक शा. नवीन प्रा.विद्यालय मढी कानूनगों चक्क अशोकनगर तथा प्रभुदयाल सहायक अध्यापक शा.प्रा.विद्यालय गोरा एवं द्वितीय अधिकारी विकास साहू सहायक अध्यापक शा.प्रा.वि. सिरसी नई, चतरूलाल नायक सहायक अध्यापक शा.मा.वि. सेरापुरा, चन्द्र प्रकाश सिंह सहायक अध्यपाक शा. प्रा. वि.सोवत एवं तृतीय अधिकारी युधिष्ठिर सिंह रघुवंशी सहायक अध्यापक यू.ई.जी. एस अथाई टप्पा, रामबाबू यादव सहायक अध्यापक शा.प्रा.वि. भेंटूआ एवं धमेन्द्र सिंह सहायक अध्यापक शा.प्रा.वि. सोवत की डयूटी लगाई गई है।

## थूवोनजी कमेटी की ओर से मुनियों को श्रीफल भेंट कर चातुर्मास में आने का किया निवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

आचार्य पद पदारोहण समारोह के वाद सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से आचार्य संघ के उप संघों विहार चल रहा है इसी क्रम में गत दिवस मुनि पुंगव सुधासागर महाराज एवं गुणायतन प्रेरक मुनि प्रमाण सागर महाराज मुनिश्री अजित सागर महाराज ससंघ ने विहार कर दिया मुनि प्रमाण सागर महाराज पटेरा में विराजमान हैं। इस दौरान क्षेत्र कमेटी ने मुनि को थूबोन आने का चार्तुमास का निवेदन किया।



## स्वीप सारथियों ने शत प्रतिशत मतदान कराने की ली शपथ




अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान कराए जाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्वीप सारथी दल का गठन किया गया है। इसी क्रम में सोमवार को विधानसभा क्षेत्र चंदेरी अंतर्गत जनपद कार्यालय ईसागढ़ एवं नईसराय के लगभग 86 मतदान केंद्रों से ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वीप सारथी स्व सहायता समूह सदस्यो द्वारा अपने मतदान केंद्र पर शत प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से मतदान 07 मई हेतु घर-घर दीवार लेखन, मतदान पर्ची वितरण, पीले चावल देकर मतदाताओं को आमंत्रण करने, मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं में सहयोग करने, मतदान दिनांक को मतदान से छूटी समस्त महिलाओं के घर संपर्क कर मतदान कराने का प्रशिक्षण प्राप्त कर शत प्रतिशत मतदान कराने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली गई।

## खबर संक्षेप

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत 29 मार्च को नवविवाहिता राधिका पत्नि राजकुमार रजक उम्र 22 साल की मृत्यु हो गई थी। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की जांच एसडीओपी विवेक शर्मा द्वारा की गई थी। उक्त जाच पर से पुलिस ने राजकुमार रजक गोपाल रजक,रेखा बाई रजक के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर प्रताडित किए जाने का मामला दर्ज किया गया है।

### बस चालक ने की कार चालक से मारपीट

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत तिलकराम पुत्र लखन सिंह लोधी निवासी ग्राम हिरावल थाना चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बालाजी बस जिसका नंबर एमपी 67 पीओ 394 के चालक व अन्य दो लोगो ने बस को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की कार मे टक्कर मार दी।फरियादी ने जब कहा तब बस के ड्रायवर व उसके साथी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत एक नाबालिग बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा साहू ने बुरी नियत से उसका पीछा कर उससे छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब पकड़ी कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के कदवाया थाने की पुलिस ने शोभाराम आदिवासी निवासी रूपगढ फुटेरा के पास से 30 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के बहादुरपुर थाने की पुलिस ने ग्राम खाकलौन निवासी राजेश पुत्र कोमल बंजारा के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने ग्राम नगेश्री निवासी गुरूराज सरदार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की हैं।

### मारपीट की घटनाओं के मामलों में कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत तकिया मोहल्ला निवासी प्रियंका पत्नि सौरभ राठौर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी पति सौरभ राठौर ,कुसम बाई ,राजू और साधना राठौर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मक्तनखेडी निवासी मिठठू सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रविन्द्र यादव,राहुल यादव,ब्रजेष यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीहौराजागीर निवासी कपूरी बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी चिन्टू कमल सिंह और कल्ला अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से चिन्टू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मिश्रीलाल और देषराज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## आईसीयू, ओपीडी मेटरनिटी होम, सर्जिकल वार्डो का किया निरीक्षण

# 3 सदस्यीय केंद्रीय दल को जिला अस्पताल में मिली कई कमियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





तीन सदस्यीय केंद्रीय दल ने जिला अस्पताल का भ्रमण किया जांच के दौरान पाई गई कमियों को सुधारने के लिए दिशा निर्देश गए। इस दौरान जिला अस्पताल के मैनेजर दो डॉक्टर एवं डॉ सिविल सर्जन डॉ एस एस छारी पूरे समय निरीक्षण दल के साथ रहे। यह निरीक्षण दल रैपिडएनक्वास असिसमेंट को लेकर जिला अस्पातल पहुचा था। इस दल मे भारत सरकार की ओर डॉ चंद्रकांत एसडी शेर ,राज्य से डॉ पी नायक एवं भिंड से डॉ रीना यादव शामिल थी। इस दल के द्वारा 19 विभागो का निरीक्षण किया जाना है। जिसे लेकर सिविल सर्जन द्वारा सभी विभागो के नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी बनाए गए थे। इस दौरान पहले दिन इस दल ने आइसीयू , ओपीडी मेटरनिटी होम ,सर्जिकल वार्ड एसएससीयू चाइल्य वार्ड पीआईसी बार्ड ब्लड बैंक लेब एनआरसी बार्ड और लेब का निरीक्षण किया।

### शाम को एक बैठक आयोजित

जांच के दौरान सीटी स्कैन कक्ष का निरीक्षण करने के बाद जैसे ही कक्ष से बाहर निकले उन्होंने नो पार्किंग का बोर्ड लगा हुआ देखा। अस्पताल मैनेजर सहायक मैनेजर को बताया कि यहां नो पार्किंग का बोर्ड लगा हुआ है और वहां वाहन खड़े हुए हैं। यह क्या व्यवस्था है उन्हें उन्होंने खाली पड़े स्थान पर छांव के लिए टीन शेड लगवाने का निर्देश दिया। जिससे कि सीटी स्कैन करने आने वाले रोगियों को खड़ा न रहना पड़े। उन्होंने मदर वार्ड का निरीक्षण करते हुए बाकी व्यवस्थाओं को देखकर वार्ड की इंचार्ज से जानना चाहा कि वार्ड के बाहर यह क्यों नहीं दर्शाया गया कि इस वार्ड में कितनी मदर्स को रहने की व्यवस्था है उन्होंने वार्ड में लगे एक भवन में लगे ताले को देखकर जानना चाहा कि यह कक्ष क्यों बंद है तब उन्हें बताया गया कि इस कक्ष में अस्पताल का कबाड़ भरा हुआ है पूर्व कलेक्टर जिस कक्ष को मुस्कान कक्ष बनाया गया था उसमें कक्ष में ताला लगा होने पर भी उन्होंने असंतोष जताया और जिला अस्पताल के डॉक्टर को निर्देश दिए कि इसका उपयोग भी किया जाए।

पूर्व कलेक्टर का यह प्रयास था कि जिला अस्पताल में आने वाले ऐसे बच्चे जिनके पास पर्याप्त मात्रा में वस्त्र नहीं है या उनको साफ सफाई की आवश्यकता है बच्चों के मनोरंजन की व्यवस्था इस कक्ष में की गई थी जैसे ही कलेक्टर का स्थानांतरण हुआ सारी व्यवस्थाएं बंद कर दी गई। उन्होंने नवजात शिशु कक्ष का भी अवलोकन किया और जानकारी ली इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल के प्रवेश द्वार पर लगी टोकन मशीन को भी देखा और जानना चाहा कि इन मशीनों का उपयोग कैसे होता है और यह क्यों लगाई गई है तब अस्पताल मैनेजर में उन्हें मशीनों के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने पर्चा काउंटर पर भी जाकर देखा वहां मौजूद स्टाफ से जानकारी ली और जानना चाहा कि प्रतिदिन कितने पर्चे बांटे हैं और कितने रुपए आ जाते हैं उन्होंने निर्देश दिए की अस्पताल के कर्मचारियों के पास परिचय पत्र क्यों नहीं है पर्चा बना रहे कर्मचारियों से भी उन्होंने जानना चाहा कि वह अपने गले में परिचय पत्र क्यों नहीं लगे।

इस दौरान उन्होंने ओपीडी के कक्ष क्रमांक 1 में मौजूद डॉक्टर से चर्चा की डॉक्टर अजय गहलोत और डॉक्टर भार्गव कक्ष में मौजूद थे अजय गहलोत ने से जानना चाहा कि उपचार करने आने वाले मरीजों को दवा कैसे उपलब्ध होती हैं यदि जिला अस्पताल में दवा नहीं है तो उस मरीज को आप कैसे दवा देते हैं तब डॉक्टर ने बताया कि जिला अस्पताल में जो दवाएं नहीं होती हैं उनकी वैकल्पिक दवा देने का प्रयास किया जाता है उन्होंने कहा कि यदि वैकल्पिक दवा नहीं है तो मरीज को कैसे दवा देते हैं तब दल को बताया गया कि सिविल सर्जन से अनुशंसा की जाती है वहां से रोगी कल्याण समिति के माध्यम से दवा उपलब्ध कराई जाती है नहीं तो मरीज को एक-दो दिन बाद दवा लेने को कहा जाता है तब दल के सदस्य ने कहा कि यदि गंभीर मरीज है और उसे दवा की आवश्यकता है तो एक-दो दिन की दवा बाद में लेने का क्या मतलब रहेगा। तब उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों को रोगी कल्याण समिति के माध्यम से दवा दिलाने का प्रयास किया जाता है इस दौरान उन्होंने प्रस्तुति कक्षा में जाकर भी निरीक्षण किया यहां मौजूद स्टाफ से प्रस्तुति कक्षा और प्रसूता गांव को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। दल एक घंटा तक दस्तावेजों व टेक्निकल जानकारी लेता रहा दल ने जिला अस्पताल के कई वार्डो का निरीक्षण किया।




## लोकसभा चुनाव के लिए जिले को पुलिस की 4 कंपनियां मिलीं



**अशोकनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण जो 07.05.24 को संपन होने जा रहा है। चुनाव हेतु अशोकनगर जिले को सीएपीएफ एव एसएपी की 4 कंपनियां पुलिस मुख्यालय द्वारा आवंटित की गई है। जिसमें एसएपी मेघालय (2 कंपनी), सीआरपीएफ 47 (1 कंपनी) एवं एसएएफ 26 वीएनसी कंपनी (स्थानीय) शामिल है, जिसमें 2 कंपनी मुख्यतः मुंगावली अनुभाग, 1 कंपनी चन्देरी अनुभाग एवं 26 वीएन कंपनी मुख्यतः अशोकनगर अनुभाग में डयूटीरत रहेंगी। पूर्व में कंपनी द्वारा प्रथम चरण जिला बालाघाट एवं द्वितीय चरण जिला नरसिंहपुर में संपन कराया गया है। इस कम में थाना यातायात में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एंव अति पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 26 वीएन सी कंपनी का सोमवार को अशोकनगर अनुभाग में स्वागत किया गया है। जिसमें एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, आरआई शिवमंगल सिंह, आरआई यातायात स्नेहा ठाकुर, थाना प्रभारी कोतवाली मनीष शर्मा द्वारा एसएएफ 26 वीएन कंपनी के सभी अधिकारी/कर्मचारियों का पुष्पगुच्छ एवं फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। बाद एसडीओपी अशोकनगर द्वारा कंपनी को अशोकनगर अनुभाग के सभी संवेदन एवं अति संवेदनशील पोलिंग बूथों की जानकारी देते हुये निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं सभी को आगामी चुनाव के लिए प्रोत्साहित किया गया।



## एनपीएस खाते सुधारने होगी जांच

**अशोकनगर।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि एवं बीमा भोपाल के निर्देशानुसार एन.पी.एस खातों में यदि किसी शासकीय सेवक का नाम,सरनेम,जन्मतिथि,नियुक्ति तिथि अथवा सेवानिवृति तिथि में त्रुटि हो तो जिला कोषालय स्तर पर परीक्षण एवं जांच की जाएगी। जांच उपरांत संबंधित त्रृटि के निराकरण हेतु जिला कोषालय द्वारा सेंट्रल रिकवर एजेंसी भोपाल को प्रकरण प्रेषित किये जाएगें। जिला वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जितेन्द्र कुमार आर्य ने बताया कि शासकीय सेवकों के ऐसे प्रकरण संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा साक्ष्य हेतु संबंधित सत्यापित दस्तावेज जिला कोषालय में प्रेषित कर सकते है।

## एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, 270 पुलिसकर्मियों ने किया भ्रमण

**अशोकनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर अशोकनगर शहर में अब तक का सबसे बड़ा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च में पुलिस के 270 जवान शामिल हुए। इस फ्लैग मार्च का एसपी विनीत जैन ने किया। यह फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न चैराहा से होकर निकला। इस दौरान पुलिस के हूटर बजते हुए नजर आए।



इस फ्लैग मार्च को लेकर एसपी विनीत जैन ने कहा कि पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं जिसके चलते अशोकनगर जिले को पुलिस की चार कंपनियां प्राप्त हुई है। इन चार कंपनियों में एक अशोक नगर में गुना से कंपनी आई है। चंदेरी में मेघालय से कंपनी आई है मुंगावली में दो कंपनियां सीआरपीएफ और एसएपी मेघालय से आई है। यह कंपनियों को साथ में लेकर मार्च निकाला गया है ताकि इस कंपनी में जो भी पुलिसकर्मी आए हैं उन सबको इस क्षेत्र की जानकारी मिल सके। उन्होने कहा कि कहां किस तरह मतदान होना है कौन से मतदान केंद्र है वहां की परिस्थितियों क्या है कौन सी टिपिकल मतदान केंद्र है और किस तरह की क्षेत्र की लोकेशन है उससे अवगत कराने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। अशोकनगर मुख्यालय पर सोमवार को यह फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया था।

### डाक मतपत्र से मतदान के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशन मे लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 गुना विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 032 अशोकनगर,033 चंदेरी तथा 034 मुंगावली के मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 30 अप्रैल,01 मई एवं 02 मई को प्रात 09 बजे शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पठार अशोकनगर में आयोजित किया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल के सदस्यों,मीडिया कर्मियों सहित पात्र मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पठार अशोकनगर सुविधा केन्द्र एवं पीवीसी केन्द्र बनाये गए हैं।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में दो मोटरबाइक चालकों की मौत, बढ़ रहीं घटनाएं

### बाइक चालकों द्वारा नही किया जा रहा हेलमेट का उपयोग

**अशोकनगर।** जिले मे दो अलग अलग सडक दुर्घटनाओं मे दो बाइक सवारो की मौत हो गई। इन दोनो ही घटनाओं मे बाइक चालको द्वारा शादी समारोह जाने के लिए बाइक को उपयोग किया जा रहा था। किंतु हेलमेट का उपयोग नही किए जाने के कारण बाइक सवारो की मौत हो गई।



पहली घटना बहादुरपुर क्षेत्र के पाटन निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत बीती रात एक सड़क दुर्घटना में हो गई है। बहादुरपुर पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक दीवान सिंह भील ने बताया कि पुलिस को रविवार रात सूचना मिली थी कि एक युवक को अचेतावस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर लाया गया है। जिसके सिर सहित शरीर में कई जगह चोटें थीं। चिकित्सक ने युवक का शारीरिक परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसका पोस्टमार्टम सोमवार सुबह किया गया है।



बताया गया है कि पाटन निवासी अजीत पुत्र दल सिंह यादव उम्र 35 वर्ष रविवार रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने अशोकनगर गया था। जहां से लौटने के दौरान अशोकनगर बंगला चैराहा मार्ग पर उसकी तेज रफ्तार मोटर साइकिल सड़क पर खड़ी एक गाय से टकरा गई। युवक का शरीर सड़क पर गिरने से कई जगह से चोटिल हो गया था। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना आपात कालीन वाहन 108 पर दी। जिससे युवक को अस्पताल लाया गया था। दूसरी घटना सहराइ थाने के अंतर्गत हुई। इस घटना मे बाइक पर तीन लोग बैठे हुए थे। यह बाइक फिसलने के कारण गिटटी के ढेर पर जा गिरी जिससे बाइक चला रहे गोलू पुत्र दिलीप सिंह नायक उम्र 28 साल की मौत हो गई। घटना के बारे मे बताया गया है कि बहादुरपुर क्षेत्र के पचपेरा गाव के तीन युवक रविवार की रात को अपनी बाइक से एक रिश्तेदार की बारात मे शामिल होने के लिए पीपरीधार गाव जा रहे थे। बाइक गोलू नायक चला रहा था। और उसके पीछे दिलीप और गुमान बैठे हुए थे। जब यह बाइक सहराई के पास पहुची तभी गिटटी के ढेर पर चढ़ने से बाइक सवार गोलू नायक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। न दोनों ही घटनाओ मे बाइक सवारो द्वारा बाइक चलाने के दौरान हेलमेट का उपयोग नही किया जा रहा था। अगर हेलमेट का उपयोग किया जाता तो इस तरह की घटनाओ से बचा जा सकता था। जिले मे इस तरह की लगातार घटनाए हो रही है। लेकिन बाइक सवारो द्वारा हेलमेट का उपयोग नही किया जा रहा। न ही हेलमेट का उपयोग करने के लिए बाइक चालको को पेरित किया जा रहा है। जबकि स्पष्ट आदेश है कि बिना हेलमेट के बाइक का उपयोग न किया जाए। किंतु जिले मे इन नियमो का उल्ल्घंन हो रहा है। जिले मे अब तक जितनी भी घटनाए हुई है। उन सभी घटनाओ मे बाइक सवारो की मौत का कारण हेलमेट का उपयोग न किया जाना है। इस तरह की घटनाओ से बाइक चालको ने भी कोई सबक नही लिया है। पूर्व मे प्रशासन के द्वारा इसे लेकर एक अभियान भी चलाया गया था और पेट्रोल पंपो पर सूचना भी चस्पा की गई थी कि बिना हेलमेट वाले दो पहिया वाहनो को पेट्रोल प्रदान न किया जाए।

### चुनाव कराने डेल्टा टू मेघालय के 86 जवान चंदेरी पहुंचे



चंदेरी। आने वाली 7 मई को लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए डेल्टा टू मेघालय के 86 जवान चंदेरी पहुंचे। जहां इन जवानों का स्वागत चंदेरी एसडीओपी और थाना प्रभारी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। रविवार शाम डेल्टा टू मेघालय कंपनी के 86 जवान चंदेरी पहुंचे, जिन्हें चंदेरी के बुनकर पार्क पर सम्मानित कर उनका बेलकम किया गया। एसडीओपी शैलेंद्र शर्मा और थाना प्रभारी मनीष जादौन ने पुलिस स्टॉफ के साथ पहुंचकर चुनाव में ड्यूटी करने आए जवानों का स्वागत किया। इस दौरान उन्हें रुकने के लिए व्यवस्थाओं के बारे में बताया। जिसके बाद उन्हें चुनाव के संवेदनशील मतदान केंद्रों के बारे में अवगत कराया।

## मिकी माउस कार्टून के माध्यम से किया मतदाताओं को जागरूक



चंदेरी। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे निर्वाचन आयोग द्वारा भी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरुक कर रहा है। इसी क्रम में आज मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना सिंह राठौर के निर्देशन में चंदेरी क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 191 एवं 192 पर मिकी माउस कार्टून के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया वहीं महिला बाल विकास कार्यालय स्थित आधार कार्ड केंद्र पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया साथ ही नपा कर्मचारियों ने कार्टून को साथ में लेकर केंद्र के आसपास पैदल जाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया मिकी माउस कार्टून को साथ में लेकर पूरे वार्ड का भ्रमण किया एवं मतदाताओं को सत प्रतिशत मतदान करने की अपील की वही मतदान केंद्र क्रमांक 191 एवं 192 में छात्र-छात्राओं को मतदान के बारे में समझाया एवं उनसे अपील की कि वह अपने परिवार में माता-पिता चाचा, चाची एवं समस्त जनों को आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए बोले कार्यक्रम में स्वीप अभियान प्रभारी रीनू सहरिया, शिल्पी जैन , अनीता पांडे, चंद्रप्रभा पाराशर, प्रदीप जैन, सत्यम मिश्रा, देशराज कुशवाह , जितेंद्र यादव साथ नगर पालिका कर्मचारी अधिकारी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### समय सीमा के लंबित पत्रों और निर्वाचन कार्यो की समीक्षा की

# लोकसभा निर्वाचन व्यवस्थित रूप से कराने में उत्तरदायित्व का निर्वहन समय पर करें अधिकारी-कर्मचारी: कलेक्टर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को सौपे गए उत्तरदायित्वों का निर्वहन समय पर करें जिससे चुनाव शांति पूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपादित हो सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान निर्वाचन कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में बिन्दुवार समीक्षा की।उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान दलों का प्रशिक्षण 30 अप्रैल तथा 01 एवं 02 मई को आयोजित किया जाएगा।



साथ ही 30 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय अशोकनगर में पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित किया जाएगा। इस सुविधा केन्द्र में निर्वाचन आयोजित निर्धारित मतदाताओं के वोट डाले जायेगें। उन्होंने आगामी 07 मई 2024 को होने वाले मतदान की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि वाहन व्यवस्था एवं रूटचार्ट तैयार कर लिया जाए। साथ ही वाहनों में जी.पी.एस सिस्टम लगाया जाए। जिला स्तर पर स्थापित किये जाने वाले कंट्रोल रूम से सतत मॉनीट्ररिंग की जाएं। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन हेतु शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में निर्वाचन सामग्री का वितरण,वापसी की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये कि मतदान कर्मियों को सामग्री लेने एवं जमा करने में कोई परेशानी न हो ऐसी व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान कर्मियों को आवश्यक चिकित्सा किट उपलब्ध कराये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने निर्वाचन व्यय लेखा का संधारण नियमित रूप किये जाने हेतु नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कम्यूनिकेशन प्लान,स्वीप अभियान की गतिविधियां,मतदाता पर्चियों का वितरण,मतदान हेतु इपिक कार्ड तथा 12 दस्तावेजों से पहचान के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

## लोकसभा निर्वाचन हेतु आमंत्रण पत्र का किया गया विमोचन



**अशोकनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 गुना हेतु जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक वोट डालने हेतु जागरूक करने के लिये आमंत्रण पत्र का विमोचन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। आमंत्रण पत्र में 7 मई 2024 को प्रात 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान केन्द्रों पर वोट डालने के लिये मतदाताओं को आमंत्रित किया गया है। इसमें भेज रहे स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को 7 मई भूल न जाना वोट डालने आने को का उल्लेख किया गया है।विमोचन अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप डॉ. नेहा जैन, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आरबी सिण्डोस्कर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एनएस नरवरिया, डिप्टी कलेक्टर इसरार खान,समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

// जाहिर सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संस्थान बेमैक्स इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड पूना महाराष्ट्र द्वारा सर्कल म्याना तहसील गुना के ग्राम डुंगासरा की भूमि सर्वे नंबर 542 रकबा 0.5750 हेक्टेयर भूमि जिसके वर्तमान भूमि स्वामी प्रॉमिस जैन पुत्र सपन कुमार जैन निवासी हनुमान मंदिर के पास उदासी आश्रम गुना है तथा इसी ग्राम डुंगासरा की भूमि सर्वे नंबर 541 रकबा 1.4010 हेक्टेयर तथा भूमि सर्वे नंबर 540/1 रकबा 0.8540 हेक्टेयर उक्त दोनों नंबर के वर्तमान स्वामी ज्योति पत्नी सुरेश जैन निवासी कोरी मोहल्ला गुना तहसील व जिला गुना है से उक्त तीनों भूमियो को शीघ्र ही पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है जिसपर यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन रहन, या बिलिंगम इत्यादि या उक्त तीनों भूमियों के भूमि स्वामियों के स्वत्वों व आधिपत्य के संबंध में किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह इस सर्वसाधारण विज्ञप्ति के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे पक्षकार संस्थान या मुझे अभिभाषक नीलेश भरिल्ल ऐडवोकेट को लिखित आपत्ति, आपत्ति आधारित दस्तावेजो सहित प्रस्तुत करें अन्यथा सात दिवस उपरान्त मेरे पक्षकार संस्थान द्वारा ग्राम डुंगासरा की तीनों भूमि सर्वे नंबरों का पंजीयन विक्रय पत्र निषादित करा दिया जायेगा सर्वसाधारण हेतू

भवदीय नीलेश भारिल्ल एडवोकेट
ओल्ड बालाजी हास्पिटल के पास
बी जी रोड भुल्लनपुरा गुना
मो. 9827263892


## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे खिलचीपुर क्षेत्र की 4 पंचायतों के ग्रामीणजन

# पेयजल नहीं मिला तो मतदान का बहिष्कार करेंगे 15 ग्रामों के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर जारी है। इस तेज गर्मी के बीच खिलचीपुर क्षेत्र की चार पंचायतों के 15 विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों को पेयजल के लिए खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल निगम की हर घर नल से जल पहुंचाने वाली जल जीवन मिशन योजना की पाइप लाइनें तो गांवों में डल चुकी हैं, लेकिन उन्हें चालू नहीं करवाया जा रहा है। इसके साथ ही सिंचाई के पानी के लिए भी ग्रामीण परेशान हैं। उक्त दोनों समस्याओं को लेकर हिसान यूनियन के बैनरतले सभी चारों ग्राम पंचायतों के ग्रामीण सोमवार को कलेक्टेट पहुंचे। सभी ने प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है कि यदि पेयजल की समस्या का निराकरण जल्द नहीं करवाया गया तो ग्रामीणजन लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे।

उक्त दोनों समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत दिलावरी के ग्राम दिलावरी, खेड़ी, भवरपुरा, ग्रापं रूपाहेड़ा के ग्राम रूपाहेड़ा, मोग्यापुरा, मूलूखेड़ा ग्रापं खुरचन्याकलां के ग्राम खुरचन्याकला कागनीखेड़ा, नरबेपुरा एवं ग्रापं गादियाकलां के गांव गादियाकला, हिम्मतपुरा, कोड़की, रामगंज, भवानीपुरा इन 15 ग्रामों के ग्रामीणजन भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सोमवार को कलेक्टेट पहुंचे। यहां सभी ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए जल जीवन मिषन की पाइप लाइनें चालू करवाने की मांग रखी।



पेयजल के साथ ही नहरों का पानी भी गांवों तक नहीं पहुंच पा रहा

### लाइनें डल चुकी हैं पर चालू नहीं की जा रहीं

किसान यूनियन जिलाध्यक्ष महेंद्र परमार ने बताया कि पेयजल की लाइनें तो कंपनी द्वारा डाली जा चुकी हैं परन्तु वे लाइनें चालू नहीं करवाई जा रही हैं। अगर लाइन चालू करवा दी जाए तो पीने की पानी की समस्या खत्म हो सकती है।

### खिलचीपुर एसडीएम को भी तीन बार दे चुके आवेदन

दिलावरी सरपंच धीरपसिंह, जिला पंचायत सदस्य रतनसिंह, रूपाहेड़ा के पूर्व सरपंच भागीरथ, जगदीश सिंह, बीरमसिंह, कंवरलाल सहत अन्य ने बताया पानी की समस्या के संबंध में खिलचीपुर एसडीएम को भी वे पिछले एक साल में तीन बार आवेदन देकर शिकायत कर चुके हैं। मेडम ने विभाग के अधिकारियों को भी लिख दिया है। उसके बाद भी जल निगम के अधिकारियों द्वारा पेयजल वाली लाइन चालू नहीं करवाई जा रही है।

### इनका कहना है...

पीने के पानी की समस्या वाले गांवों के लिए जल निगम के अधिकारियों बातचीत चल रही है। जल्द हम वहां पानी पहुंचाएंगे।

**अंकिता जैन, एसडीएम, खिलचीपुर**

किसान चाहते हैं कि सिंचाई वाली लाइन से तालाबों में पानी डाल दें लेकिन ऐसा संभव नहीं है। वैसे भी सिर्फ रबी सीजन के लिए ग्रामीणों को सिंचाई के लिए पानी देने का प्रावधान है और अभी तो फसल कट चुकी है।

**- विकास राजोरया, प्रशासक, मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना, राजगढ़**

## निःशुल्क दवा वितरण केंद्र में प्लास्टिक टीनशेड की दरकार

# 41 डिग्री तापमान में खुले आसमान के नीचे दवाईयां ले रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिला अस्पताल अपनी विभिन्न कमियों और अव्यवस्थाओं के लिए अक्सर चर्चा में रहता है। इसी कड़ी में जिला अस्पताल में शासन से मरीजों को निःशुल्क मिलने वाली दवाईयों के सरदार वल्लभ भाई दवा वितरण केंद्र के नीचे कोई टीनशेड ही नहीं है। ऐसे में इन दिनों 41 डिग्री तापमान की तपती गर्मी में यहां आने वाले मरीज और उनके परिजन दवा लेने को मजबूर हैं। सोमवार को कुछ मरीज तीखी धूप के बीच दवाईयां लेते नजर आए। ब्लड शुगर और बीपी की दवा ले रहे कुछ मरीज स्वास्थ्य विभाग की इस इनदेखी पर कौसते भी नजर आए। अगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा केंद्र के बाहर रोगी कल्याण समिति या अन्य किसी मद से प्लास्टिक वाले टीनषेड को लगवा दिया जाए तो सैकड़ों लोग एवं मरीज परेशानी से बच सकेंगे।

### पूर्व में अन्य जगह पर था यह वितरण केंद्र

सरदार पटेल के नाम वाला यह दवा वितरण पूर्व में पास के लिए जिस स्थान से संचालित होता था, वहां पहले से ही टीनशेड लगा हुआ था। बाद में यह केंद्र वन स्टॉप सेंटर के पक्के भवन में केंद्र शिफ्ट हो जाने के बाद से ही मरीजों और अटेंडरों को उक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

कुछ ही महीनों में यह दवा वितरण केंद्र नए अस्पताल में शिफ्ट होगा। तब तक के लिए स्टोर में दिखवा लेते हैं कोई पुराना टीनशेड पड़ा होगा तो उसको लगवा देंगे या नया ही खरीद लेंगे।

**- डॉ. नितिन पटेल, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल, राजगढ़**

## मतदान पर्चियों के वितरण की अपडेट ली व 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की

**जीरापुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया ज रहा। इसी के साथ-साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदाता पर्चियां का वितरण समस्त बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। जिसमें भाग संख्या 133 के बीएलओ मयंक उपाध्याय एवं स्वीप नोडल अधिकारी देवनारायण दांगी, कमल भावसार, राकेश मंडलोई, रामगोपाल दांगी द्वारा पर्ची वितरण की अपडेट जानकारी लेते हुए नागरिकों से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।




## कलेक्टर के अनुमोदन पर पीपल्या कुल्मी मेडिकल ऑफिसर को सौंपा गया प्रशासकीय एवं वित्तीय प्रभार

# डॉ सुनील चौरसिया को सौंपी गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कमान



हरिभूमि
कर्मचारियों ने डॉक्टर पाटीदार के साथ अभद्रता करने वाले युवक के खिलाफ आवेदन दिया
नाटकीय अंदाज में बीएमओ, डॉक्टर, कर्मचारियों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सिविल अस्पताल में ताला जड़कर धरने पर बैठे



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ म.प्र.
क्र./स्थापना जी./2024/4279 राजगढ़ दिनांक 29/04/2024
:: आदेश ::
प्रशासकीय कार्य व्यवस्था की दृष्टि से डॉ.सुनील चौरसिया चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपल्याकुल्मी (जीरापुर) को ब्लाक मेडीकल आफीसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरापुर जिला राजगढ़ के पद का (प्रशासकीय एवं वित्तीय) प्रभार अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से सौंपा जाता है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।
(डॉ.किरण वाडीया)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला राजगढ़ म.प्र.
क्र./स्थापना जी./2024/4280 राजगढ़ दिनांक 29/04/2024
प्रतिलिपि–
1. स्वास्थ्य आयुक्त,संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ म.प्र. भोपाल।
2. अपर संचालक (वित्त) संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ म.प्र.भोपाल।
3. क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ भोपाल संभाग भोपाल।
4. कलेक्टर जिला राजगढ़।
5. ब्लाक मेडीकल आफीसर सामु.स्वास्थ्य केन्द्र जीरापुर।
6. मेडीकल आफीसर प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र पिपल्याकुल्मी।
7. डॉ.सुनील चौरसिया चिकित्सा अधिकारी द्वारा बी.एम.ओ.जीरापुर की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है की आप तत्काल डॉ.मनोज गुप्ता चिकित्सा अधिकारी से प्रभार प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावें।
8. डॉ.मनोज गुप्ता चिकित्सा अधिकारी द्वारा बी.एम.ओ.जीरापुर की ओर पालनार्थ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-जीरापुर

खबर का असर

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीरापुर के मेडिकल ऑफिसर डॉ मनोज कुमार गुप्ता द्वारा बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमित के बिना धरना, हड़ताल करना महंगा पड़ गया। कलेक्टर हर्ष दीक्षित जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक आदेश जारी करते हुए डॉ गुप्ता का चार्ज डॉ सुनील चौरसिया मेडिकल आफिसर पीपल्याकुल्मी को सौंप दिया है। बीएमओ जीरापुर की मनमानी एवं जिले भर में वर्षों स 'चल रहे अवैध अटैचमेंट के के समाचार हरिभूमि पहले भी प्रमुखता से प्रकाशित करता रहा है। जीरापुर सामुदायिक केंद्र पर ताला डालकर हडताल पर बैठने पर छीन लिया गया चार्ज। क्षेत्रीय विधायक ने भी जब इस मामले में डॉ गुप्ता को समझाइश दी परंतु डॉ गुप्ता ने एक न सुनी और अपनी मनमानी करने पर उतारू रहे।

## अपने-अपने मत की आहुति देकर निर्वाचन कार्य को सफल बनाएं : एसडीएम

# मतदान दल के प्रत्येक सदस्य तटस्थता लेकर निर्वाचन कार्य संपन्न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजगढ़ के आदेशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी संजय उपाध्याय मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह तहसीलदार मनोज शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एलएस डोडिया के मार्गदर्शन में द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संजय उपाध्याय ने कहा कि सभी लोक सेवकों को तटस्थ लेकर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न करनी है तथा आपका स्वयं का भी 100 प्रतिशत मतदान हो इस बात का ध्यान रखना। प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर मे आयोजित किया जा रहा है आज लगभग 320 लोक सेवक प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हुए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मतदान रूपी महायज्ञ में सभी अपने-अपने मत की आहुति देकर इस लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाएं। नोडल सहायक नरसिंह शर्मा ने कहा कि मतदाता जागरूकता की गतिविधियां जैसे निबंध प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता कलश यात्रा पोस्टर प्रतियोगिता नारा लेखन आदि प्रत्येक स्कूल एवं आंगनबाड़ी मे गतिविधि आयोजित की जाए। इस दौरान मास्टर ट्रेनर सत्यनारायण शर्मा शिवलाल मालवीय राधेश्याम विजयवर्गी कैलाश नागर गणेश शर्मा सुरेश अहिरवाल सुरेश बिरमाल कृष्ण स्वरूप सक्सेना वसीम शेख प्रीतम गुनवा भगवान सिंह राठौड़ रमेश तंबोली जगदीश राज नसीम उल्ला खान तेज सिंह भिलाला आदि उपस्थित थे।

# वार्ड नंबर 14 में जाने वाले रास्ते पर गंदगी का अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर परिषद की अनियमितताओं के चलते गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है। नगर के आवास कॉलोनी दांगी समाज एवं अग्रवाल समाज धर्मशाला के मध्य वार्ड नंबर 14 में जाने वाले रास्ते पर गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ। यह समस्या अपितु आज ही नहीं हमेशा बनी रहती है।

नगर परिषद कभी-कभार सफाई करवाती है। कचरे का ढ़ेर इस आम रास्ते में जमा हो जाता है। जहां से वार्ड नंबर 14 में जाना दुश्वार है। सवाल यह उठता है कि यदि इस मार्ग के अलावा दूसरा रास्ता इस वार्ड के निवासियों के लिए नहीं होता तो बहरहाल यकीनन मानिये इस गली से जहां कूड़ा कचरा का ढ़ेर लगा रहता है यहां से अंदर गुजरने पर व्यक्ति को मुंह पर कपड़ा बांधकर प्रवेश करना पड़ता।

# एमबीबीएस पास कर बोड़ा का बेटा आशुतोष बना डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-बोड़ा




बोड़ा का बेटा आशुतोष सोनी ने एमबीबीएस की परीक्षा पास कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। बोड़ा नगर की पूर्व पार्षद चंदाबाई स्व.नाथू लाल सोनी के बेटे शिक्षक राजेश सोनी के सुपूत्र आशुतोष सोनी बने डॉक्टर। पूर्व में एलएन कोचिंग संस्था कोटा से प्रवेश परीक्षा की तैयारी की। लगातार कड़ी मेहनत और पक्के इरादे की बदौलत आशुतोष सोनी ने नीट के माध्यम से शासकीय बुंदेलखण्ड मेडिकल कॉलेज सागर में एम.बी.बी.एस में प्रवेश पाया था। आशुतोष सोनी ने डॉक्टर बनकर अपने माता और पिता का सपना पुरा किया।'दादा- दादी से मिली आगे बड़ने की प्रेरणा'आशुतोष सोनी ने शासकीय बुंदेलखण्ड मेडिकल कॉलेज सागर से एमबीबीएस की पढ़ाई की। वह आगे जाकर एक सर्जन बनना चाहता है और अपना एक प्रेक्टिस सेटअप करना चाहती है। उन्होंने अपनी स्कूलिंग प्रोविडेंस कांवेंट स्कूल पचोर से की ही। आशुतोष ने बताया की उन्हे आगे बड़ने की प्रेरणा उनकी दादी दादा जी से मिली हे। आशुतोष सोनी के पिता राजेश सोनी एक शासकीय शिक्षक और मां एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हे। और बड़े अंकल प्रदीप सोनी सराफा व्यापारी है , छोटे अंकल राकेश (रिंकू) शिक्षक हैं। इस उपलब्धि पर परिवार जनों, रिश्तेदारों, मित्रो, वा बुंदेलखण्ड मेडीकल कॉलेज सागर परिवार स्टाफ सहित नगरवासियो ने शुभकामनाएं दी।

# डीईजी त्रिपाठी ने चुनाव के दौरान पुलिस की तैयारी का लिया जायजा, थाना भी देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




रविवार को पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओमप्रकाश त्रिपाठी ने जिले के अधिकारियों की ली। सबसे पहले वह एसपी कार्यालय पहुंचे।

एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पुलिस उप महानिरीक्षक ने जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उमनि के द्वारा लोकसभा चुनाव को देखते हुए आचार संहिता के दौरान की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की और 7 मई को होने वाले मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले सभी एसएसटी प्वाइंट पर सतत चैकिंग करते हुए प्रभावी कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिए गए। उन्होंने कोतवाली थाने पहुंचकर भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ प्रशांत चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा, अतुल सिंह नगर पुलिस अधीक्षक विदिशा, अनूप सिंह नैन उप पुलिस अधीक्षक अजाक विदिशा, ज्योति शर्मा उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा विदिशा, मनोज दुबे थाना प्रभारी कोतवाली, शहबाज खान थाना प्रभारी सिविल लाइन, उर्मिला यादव महिला थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने एनएच-52 हाईवे के ऊपर से निकाल दी पाइप लाइन

# एक खेत से दूसरे में पानी पहुंचाने किसानों ने निकाला यह तरीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मोहनपुरा सिंचाई परियोजना की अंडरलाइन पाइप लाइनें राजगढ़ क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में पहुंच चुकी हैं। इन लाइनों से एक खेत से दूसरे खेत में पानी पहुंचाए जाने का काम शुरू भी हो चुका है। परन्तु, ऐसे भी कईं खेत हैं जहां ऐसी अंडरग्राउण्ड पाइप लाइने नहीं हैं। ऐसे में इन खेतों के ग्रामीणों ने लाइन डालने में बाधा बन रहे हाईवे की समस्या से निजात के लिए दूसरा तरीका निकाल लिया। ग्रामीणों ने जुगाड़ कहलाने वाली पद्धति से राजमार्ग के ऊपर से पाईप लाइन निकालकर अपनी व्यवस्थाएं कर ली हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर ब्यावरा-राजगढ़ के बीच लालगढ़ के समीप इसी तरह से कुछ जगहों पर पाइप लाइन हाईवे के ऊपर से निकालते हुए ग्रामीणों ने समस्या का हल निकाला है।

## नगर परिषद छापीहेड़ा ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

# 'लोकतंत्र को मजबूत करने मतदान हमारा मुख्य बिंदु'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा




मतदान हमारा अधिकार इस महापर्व को शत प्रतिशत कराना हमारा मुख्य उद्देश्य, क्योंकि निष्पक्ष निडरता के स्वरूप मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका हर मतदाता के लिए सरलता प्रदान करती है। सोमवार को नगर परिषद छापीहेड़ा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा के निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु नगर छापीहेड़ा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन बड़े सार्थक रूप से किया गया।

रैली शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा से शुरू होकर सब्जी बाजार त्रिपोलिया बाजार पाटीदार मोहल्ला तालाब परिसर मुख्य मार्ग होते हुए कन्या शाला स्कूल में रैली का समापन किया गया रैली के समापन पर उपस्थित सभी कर्मचारी बीएलओ एवं कविता पटेल तारा तोमर रुखसाना दीपा चौरसिया छाया शर्मा रेखा नागर आदि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा शपथ ली गई। रैली के माध्यम से नगरीय क्षेत्र छापीहेड़ा के मतदाताओं को जागरूक किया गया एवं संपूर्ण नगर में अधिक से अधिक मतदान किए जाने के लिए मतदाताओं से अपील की गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्म,ा बीएलओ नंदराम मालवीय, धर्मेंद्र रठिया नगर परिषद कर्मचारी श्रीराम नागर जमील खान मंसूरी पीरु लाल जायसवाल शिव इंगले भैरू सिंह मालवीय मोहनलाल वर्मा आदि कर्मचारी एवं नगर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका उपस्थित रही।

# मतदाता जागरुकता रैली निकाली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

आगामी 7 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न तरह के प्रयास किए जा रहे हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पर्चियों के साथ भी छपे पर्चों के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया गया है। वहीं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रैलियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। माचलपुर नगर परिषद द्वारा भी सोमवार को नगर में बाइक रैली निकालकर मतदाताओं में जन जाग्रति का प्रयास किया गया। रैली में नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव,उप यंत्री गोविंद सिंह चौहान, बृजेश कोठारी, कैलाश चंद्र दांगी, दुर्गा प्रसाद मालाकार, बृजमोहन, हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य दिनेश गौतमसहित नगर परिषद के कर्मचारी, हायर सेकंडरी स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल हुआ।